# दादी माँ

---

Question 1.
दादी माँ ने किसका कर्ज माफ किया
(a) रामी की चाची का
(b) घर के नौकर का
(c) मुख्तयारी ताई का
(d) किशन भैया का

▼ Answer

Answer: (a) रामी की चाची का

---

Question 2.
दादी ने अपने कंगन निकालकर क्यों दे दिए?
(a) नए आभूषण बनवाने के लिए
(b) पिता जी की ज़रूरत पूरा करने के लिए
(c) घर के लिए अनाज खरीदने के लिए
(d) रामी की चाची को देने के लिए

▼ Answer

Answer: (b) पिता जी की ज़रूरत पूरा करने के लिए

---

Question 3.
'वात्याचक्र' का क्या अर्थ है?
(a) बातों का चक्र
(b) जल चक्र
(c) सुदर्शन चक्र
(d) बवंडर

▼ Answer

Answer: (d) बवंडर

---

Question 4.
लेखक के पिता जी की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई?
(a) लोगों ने लिए हुए पैसे नहीं लौटाए
(b) उन्होंने अपने पिताजी की मृत्यु पर भोज के लिए उधार लेकर खर्च किया
(c) लोगों ने उनके साथ धोखा किया
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 5.
सद्यः का क्या अर्थ है?

(a) कल
(b) परसों
(c) अभी-अभी
(d) बीता हुआ कल

▼ Answer

Answer: (c) अभी-अभी

---

Question 6.
क्वार के दिनों में क्या होता है?
(a) सर्दी पड़ती है
(b) लू चलती है
(c) वर्षा होती है
(d) वर्षा समाप्त हो जाती है और हल्की सर्दी शुरू हो जाती है

▼ Answer

Answer: (d) वर्षा समाप्त हो जाती है और हल्की सर्दी शुरू हो जाती है

---

Question 7.
दादी माँ का स्वभाव कैसा है?
(a) शक्की स्वभाव
(b) उदार
(c) कंजूस
(d) चिड़चिड़ा

▼ Answer

Answer: (b) उदार

---

Question 8.
'दादी माँ' पाठ के लेखक कौन हैं?
(a) नागार्जुन
(b) भगवती प्रसाद वाजपेयी
(c) यतीश अग्रवाल
(d) शिवप्रसाद सिंह

▼ Answer

Answer: (d) शिवप्रसाद सिंह

---

## गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

### प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए

1. दादी माँ को गँवई-गाँव की पचासों किस्म की दवाओं के नाम याद थे। गाँव में कोई बीमार होता, उसके पास पहुँचतीं और वहाँ भी वहो काम-हाथ छूना, माथा छूना, पेट छूना। फिर भूत से लेकर मलेरिया, सरसाम, निमोनिया तक का अनुमान विश्वास के साथ सुनातीं। महामारी और विसूचिका के दिनों में रोज सवेरे उठकर स्नान के बाद लवंग और गुड़-मिश्रित जलधार, गुग्गल और धूप। सफाई कोई उनसे सीख ले। दवा से देर होती, मिश्री या शहद खत्म हो जाता, चादर या गिलाफ़ नहीं बदले जाते, तो वे जैसे पागल हो जातीं। बुखार तो मुझे अब भी आता है। नौकर पानी दे जाता है, मेस-महाराज अपने मन से पकाकर खिचड़ी या

साबू। डॉक्टर साहब आकर नाड़ी देख जाते हैं और कुनैन मिक्सचर की शीशी की तिताई के उर से बुखार भाग भी जाता है, पर न जाने क्यों ऐसे बुखार को बुलाने का जी नहीं होता!

Question 1.
दादी माँ को किन चीज़ों के नाम याद थे?
(a) दवाओं के
(b) पुस्तकों के
(c) फिल्मों के
(d) खेती में प्रयोग होने वाले औजारों के

▼ Answer

Answer: (a) दवाओं के

---

Question 2.
महामारी और विशूचिका के दिनों में दादा माँ क्या करती थी?
(a) वह सुबह उठकर स्नान करती थी।
(b) गुड-मिश्रित जल की धार देती थी
(c) गुग्गल की धूप देती थी
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 3.
गुग्गल की धूप देने से क्या होता है?
(a) घर से भूत-प्रेत भाग जाते हैं
(b) घर कीटाणु-रहित हो जाता है
(c) घर में धन की वर्षा होती है
(d) सभी काम बन जाते हैं

▼ Answer

Answer: (b) घर कीटाणु-रहित हो जाता है

---

Question 4.
दादी माँ किस बात को लेकर पागल हो जाती थी?
(a) यदि कोई रोगी के पास न बैठे
(b) यदि कोई उनकी बात न सुने
(c) यदि कोई मरीज की चादर व गिलाफ न बदले
(d) यदि कोई उनकी बताई दवाई न ले

▼ Answer

Answer: (c) यदि कोई मरीज की चादर व गिलाफ न बदले

---

Question 5.
'तिताई' का विलोम है?
(a) मिठास
(b) खटास

(c) कड़वाहट
(d) चटपटा

▼ Answer

Answer: (a) मिठास

---

2. किशन भैया की शादी ठीक हुई, दादी माँ के उत्साह और आनंद का क्या कहना! दिनभर गायब रहतीं। सारा घर जैसे उन्होंने सर पर उठा लिया हो। पडोसिनें आतीं। बहुत बुलाने पर दादी माँ आतीं, "बहिन बुरा न मानना। कार-परोजन का घर ठहरा। एक काम अपने हाथ से न करूँ, तो होने वाला नहीं।" जानने को यों सभी जानते थे कि दादी माँ कुछ करतीं नहीं। पर किसी काम में उनकी अनुपस्थिति वस्तुतः विलंब का कारण बन जाती। उन्हीं दिनों की बात है। एक दिन दोपहर को मैं घर लौटा। बाहरी निकसार में दादी माँ किसी पर बिगड़ रही थीं। देखा, पास के कोने में दुबकी रामी की चाची खड़ी है। "सो न होगा, धन्नो! रुपये मय सूद के आज दे दे। तेरी आँख में तो शरम है नहीं। माँगने के समय कैसी आई थीं। पैरों पर नाक रगड़ती फिरी, किसी ने एक पाई भी न दी। अब लगी है आजकल करने-फसल में दूँगी. फ़सल में दूँगी...अब क्या तेरी खातिर दूसरी फसल कटेगी?"

Question 1.
दादी माँ के व्यवहार को देखकर कैसा लगता था?
(a) जैसे घर का सारा काम उन्हीं के करने से होगा
(b) जैसे उससे बढ़िया काम कोई नहीं कर सकता
(c) जैसे सारे काम की जिम्मेदारी उन्हीं की ही है
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 2.
'कार-परोजन' का अर्थ है
(a) कार्य-प्रयोजन
(b) कार का प्रयोजन
(c) घर-बार
(d) दिनभर काम करना

▼ Answer

Answer: (a) कार्य-प्रयोजन

---

Question 3.
दादी माँ की अनुपस्थिति विलंब का कारण क्यों बनती थी?
(a) दादी माँ तेज नहीं चल सकती थी
(b) घर में बड़ी होने के कारण हर कार्य में उनकी उपस्थिति आवश्यक थी, उनको ही आगे रखा जाता था
(c) दादी माँ अपने बिना किसी कार्य को नहीं करने देती थी
(d) दादी माँ दूसरे के काम में कमी निकाल ही देती थी

▼ Answer

Answer: (b) घर में बड़ी होने के कारण हर कार्य में उनकी उपस्थिति आवश्यक थी, उनको ही आगे रखा जाता था

---

Question 4.
दादी माँ रामी की चाची पर क्यों बिगड़ रही थीं?
(a) वह उनके यहाँ शादी में नहीं आई थी

(b) रामी की चाची ने दादी को अपने यहाँ नहीं बुलाया था
(c) रामी की चाची उधार के पैसे नहीं दे रही थी
(d) रामी की चाची उनसे पैसे माँग रही थी

▼ Answer

Answer: (c) रामी की चाची उधार के पैसे नहीं दे रही थी

---

Question 5.
'निकसार' का क्या अर्थ है?
(a) घर का बाहरी हिस्सा जिधर रास्ता निकलता है
(b) घर का अंदरूनी हिस्सा
(c) दालान
(d) घर का केन्द्रीय भाग

▼ Answer

Answer: (a) घर का बाहरी हिस्सा जिधर रास्ता निकलता है

---

3. स्नेह और ममता की मूर्ति दादी माँ की एक-एक बात आज कैसी-कैसी मालूम होती है। परिस्थितियों का वात्याचक्र जीवन को सूखे पत्ते-सा कैसा नचाता है, इसे दादी माँ खूब जानती थीं। दादा की मृत्यु के बाद से ही वे बहुत उदास रहतीं। संसार उन्हें धोखे की टट्टी मालूम होता। दादा ने उन्हें स्वयं जो धोखा दिया। वे सदा उन्हें आगे भेजकर अपने पीछे जाने की झूठी बात कहा करते थे। दादा की मृत्यु के बाद कुकुरमुत्ते की तरह बढ़नेवाले, मुँह में राम बगल में छुरीवाले दोस्तों की शुभचिंता ने स्थिति और भी डाँवाडोल कर दी। दादा के श्राद्ध में दादी माँ के मना करने पर भी पिताजी ने जो अतुल संपत्ति व्यय की, वह घर की तो थी नहीं।

Question 1.
दादी माँ किसकी मूर्ति थी?
(a) देवी की मूर्ति
(b) स्नेह और ममता की
(c) क्रोध एवं हठधर्मिता की
(d) कट्टरता की

▼ Answer

Answer: (b) स्नेह और ममता की

---

Question 2.
परिस्थितियों का वात्याचक्र (बवंडर) जीवन को किस प्रकार नचाता है?
(a) सूखे पत्ते की तरह
(b) बिच्छु के काटे हुए की तरह
(c) नर्तक की तरह
(d) मोर की तरह

▼ Answer

Answer: (a) सूखे पत्ते की तरह

---

Question 3.
दादा ने दादी माँ को किस प्रकार का धोखा दिया?
(a) दादा ने दादी को धन के बारे में नहीं बताया
(b) दादा, दादी से अपने मन की बात नहीं करते थे

(c) वे कहकर भी दादी से पहले स्वर्ग चले गए
(d) दादा ने सम्पत्ति का विभाजन ठीक नहीं किया

▼ Answer

Answer: (c) वे कहकर भी दादी से पहले स्वर्ग चले गए

---

Question 4.
लेखक के घर की आर्थिक स्थिति के खराब होने का क्या कारण था?
(a) दोस्तों द्वारा दगाबाजी
(b) दोस्तों द्वारा लिया धन वापस न मिलना
(c) श्राद्ध में उधार लेकर खर्च करना
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 5.
'अतुल' शब्द का अर्थ होगा
(a) थोड़ा
(b) ज़्यादा
(c) जिसे तोला न जा सके
(d) बहुत अधिक

▼ Answer

Answer: (c) जिसे तोला न जा सके

---